पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने जनेश्वर मिश्र हार्टीफेयर-2015 का उद्‌घाटन किया

जनेश्वर मिश्र का व्यक्तित्व और प्रतिभा सराहनीय - राज्यपाल

लखनऊः 13 मार्च, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज जनेश्वर मिश्र पार्क, लखनऊ में आयोजित जनेश्वर मिश्र हार्टीफेयर-2015 का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर प्रमख सचिव आवास, श्री सदाकान्त, सचिव, श्री पंधारी यादव, उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, श्री सत्येन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी व पुष्प प्रेमीजन उपस्थित थे।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा जन आन्दोलन के रूप में उन्नत खेती हो तो देश और किसान को लाभ होगा। उन्नत खेती से देश का आर्थिक विकास हो सकता है। बाजार में फूलों की बहुत मांग है। फूल से इत्र बनाने का भी व्यवसाय किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि खेती की साथ-साथ फूलों और सब्जी की खेती को बढ़ावा मिले तो किसानों को अच्छा लाभ मिल सकता है।

श्री नाईक ने कहा कि हार्टीफेयर को कृषि से जोड़ने की दृष्टि से देखें तो यह एक सार्थक प्रयास है। किसानों को सही मार्ग दर्शन मिलता है तो उनकी प्रतिभा निखरती है। जब देश आजाद हुआ था तो देश में खाद्‌यान्न आयात किया जाता था। पूर्व प्रधानमंत्री का नारा ‘जय जवान, जय किसान‘ के बाद खाद्‌यान्न में बढोत्तरी हुई। देश आत्मनिर्भर हुआ और निर्यात भी कर रहा है। आजादी के बाद तीन गुना से अधिक आबादी बढ़ी है मगर हम सीमित कृषि योग्य भूमि पर अपना उत्पादन बढ़ाने में सफल हुए हैं। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी आबादी का पोषण करना किसानों की कुशलता एवं प्रतिभा के कारण ही संभव हुआ है।

राज्यपाल ने जनेश्वर मिश्र पार्क की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि आने वाले दिनों में यह पार्क अखिल भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनेगा। स्व0 जनेश्वर मिश्र को अपनी श्रद्‌धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि संसद में वे उनके साथ काम कर चुके हैं। उनकी व्यक्तित्व और प्रतिभा सराहना योग्य थी। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति के प्रति अपनी श्रद्‌धांजलि देना वे अपना कर्तव्य समझते हैं।

श्री नाईक ने राजभवन में आयोजित होने वाली वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी के बारे में बताया कि प्रदर्शनी की शुरूआत 1953 में हुयी थी। राजभवन की प्रदर्शनी देखने के लिए भारी संख्या में लोग आते हैं। प्रदर्शनी में शाक-भाजी का प्रदर्शन इस साल भी बढ़ा उत्कृष्ट रहा। उन्होंने विश्वास जताया कि अगले साल जनेश्वर मिश्र पार्क में भी ऐसी ही लोकप्रिय प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा।

प्रमुख सचिव आवास, श्री सदाकान्त ने बताया कि यह पार्क 400 एकड़ में स्थित है। निर्माण कार्य अभी जारी है। जब सारी सुविधाओं से युक्त होगा तो यह पार्क दर्शनीय स्थल होगा। उन्होंने प्रदर्शनी के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, श्री सत्येन्द्र सिंह ने पार्क के बारे में बताते हुये धन्यवाद ज्ञापित किया। राज्यपाल ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

समूह
गमलों के कलात्मक समूह

जनेश्वर मिश्र
वनस्पति उत्पादों, पुष्पों, कलात्मक पुष्प सज्जा एवं कलाकृतियों का भव्य
उद्घाटन समारोह
मुख्य अतिथि : श्री राम नाईक, माननीय श्री
13 मार्च 2015

जनेश्वर मिश्र हार्टीफेयर 2015